1. मौलिक कर्तव्यों को किस संशोधन द्वारा जोड़ा गया था?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) 42वाँ (B) 44वाँ
(C) 86वाँ (D) 24वाँ
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

2. राजस्थान में भैंसों की किस नस्ल को अपनी उच्च दुग्ध उत्पादन क्षमता के कारण 'राजस्थान के कामधेनु' के रूप में जाना जाता है?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) नागौरी (B) कांकरेज
(C) राठी (D) थारपारकर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

3. 1857 की क्रांति से संबंधित निम्नलिखित घटनाक्रमों को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए :
(a) कोटा के सैनिकों ने क्रांति की शुरुआत की।
(b) सैनिकों ने नीमच में विद्रोह कर दिया।
(c) क्रांति नसीराबाद में शुरू हुई।
(d) एरिनपुरा ने विद्रोह कर दिया।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :
(A) (d), (c), (b), (a) (B) (b), (a), (d), (c)
(C) (c), (b), (d), (a) (D) (a), (b), (c), (d)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

4. उस नृत्य रूप की पहचान कीजिए, जिसमें नकाबपोश महिलाएँ काँचे या तलवार के किनारे पर घूमते हुए अपने सिर पर पीतल के बर्तनों को संतुलित करती हैं।
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) भवई (B) घूमर
(C) तेरह ताली (D) कालबेलिया
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

5. निम्नलिखित तत्वों को इलेक्ट्रॉनों की संख्या के आरोही क्रम में व्यवस्थित करें :
(a) नियॉन (b) मैग्नीशियम
(c) पोटेशियम (d) सल्फर
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :
(A) (a), (b), (c), (d) (B) (b), (a), (d), (c)
(C) (c), (b), (d), (a) (D) (a), (b), (d), (c)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

6. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है।
अभिकथन (A):
राज्यपाल राज्य विधानसभा को भंग कर सकते हैं।
कारण (R):
राज्यपाल मुख्यमंत्री की सलाह पर ऐसा करते हैं।
उपयुक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।
(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(B) (A) सत्य है लेकिन (R) असत्य है।
(C) (A) असत्य है लेकिन (R) सत्य है।
(D) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

7. राजस्थान बजट 2026-27 में घोषित 'मुख्यमंत्री लखपति दीदी योजना' के तहत संशोधित ऋण सीमा क्या है?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) ₹ 1.25 लाख (B) ₹ 1.5 लाख
(C) ₹ 2 लाख (D) ₹ 1 लाख
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

8. निम्नलिखित में से कौन-सा खनिज तेल भंडार राजस्थान में स्थित है?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) नाहरकटिया (B) अंकलेश्वर
(C) बैसिन (D) गुडामालानी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

9. नीचे दी गई सूची में अलैंगिक विधि से प्रजनन करने वाले जीव हैं :
(a) केला (b) कुत्ता
(c) यीस्ट (d) अमीबा
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :
(A) केवल (a) और (d)
(B) केवल (b) और (d)
(C) केवल (b), (c) और (d)
(D) केवल (a), (c) और (d)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

10. राजस्थान में ग्रामीण क्षेत्रों में 100 दिनों का गारंटीकृत वेतन-रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मुख्य रूप से कौन-सी योजना उत्तरदायी है?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) सांसद आदर्श ग्राम योजना
(B) मनरेगा
(C) मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन
(D) इंदिरा गांधी ग्रामीण रोजगार
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

11. निम्नलिखित में से कौन-सा आर.एस.आई.डी.सी. (राजस्थान लघु उद्योग निगम) के प्राथमिक कार्य का सबसे अच्छा वर्णन करता है?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) औद्योगिक क्षेत्रों और विकास केंद्रों जैसे लघु-स्तरीय औद्योगिक बुनियादी ढाँचे का विकास करना।

(B) लघु उद्योगों और कारीगरों को विपणन सहायता प्रदान करना और कच्चे माल की आपूर्ति में सुविधा प्रदान करना।
(C) वित्तीय प्रोत्साहनों के माध्यम से निर्यात उन्मुख औद्योगिक इकाइयों को बढ़ावा देना।
(D) राज्य के भीतर लघु उद्योगों का विनियमन और उन्हें लाइसेंस प्रदान करना।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

12. पुष्पी पौधों में दिखाई देने वाली प्रजनन अवस्थाओं का सही क्रम है :
(a) नवोद्भिद् (b) युग्मक
(c) युग्मनज (d) भ्रूण
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :
(A) (b), (c), (d), (a) (B) (b), (a), (d), (c)
(C) (c), (b), (d), (a) (D) (a), (b), (c), (d)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

13. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में बताया गया है।
अभिकथन (A):
भारत ने क्वांटम कंप्यूटिंग क्षमताओं को विकसित करने के लिए 'राष्ट्रीय क्वांटम मिशन' (NQM) शुरू किया है।
कारण (R):
क्वांटम कंप्यूटर 'क्यूबिट्स' का उपयोग करते हैं, जो उन्हें क्लासिकल कंप्यूटरों की तुलना में कहीं अधिक तेजी से जटिल गणनाएँ करने में सक्षम बनाते हैं।
उपयुक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :**
(A) (A) और (R) दोनों ही सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(B) (A) सही है लेकिन (R) सही नहीं है।
(C) (A) सही नहीं है लेकिन (R) सही है।
(D) (A) और (R) दोनों ही सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

14. कर्सर के बाईं ओर के वर्णों को हटाने के लिए किस कुंजी (की) का उपयोग किया जाता है?
(A) डिलीट (B) बैकस्पेस
(C) शिफ्ट (D) एंटर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

15. यदि A : B = 1 : 2, B : C = 3 : 4, C : D = 5 : 6 और D : E = 7 : 8 है, तो A : E क्या है?
(A) 3 : 4 (B) 7 : 8
(C) 41 : 137 (D) 35 : 128
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

16. मेवाड़ी बोली की साहित्यिक रचनाएँ राजस्थानी भाषा की किस प्रमुख बोली की साहित्यिक समृद्धि के तुलनीय हैं? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) मारवाड़ी बोली (B) धुंधाड़ी बोली
(C) मालवी बोली (D) हाड़ौती बोली
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

17. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर सोरसन वन्यजीव अभयारण्य के सबसे निकट है?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) जोधपुर (B) हनुमानगढ़
(C) कोटा (D) नागौर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

18. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी अरब सागर में गिरती है?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) माही नदी (B) बनास नदी
(C) काली सिंध नदी (D) चंबल नदी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

19. सूची-I का सूची-II के साथ मिलान करें :

सूची-I (प्राकृतिक स्रोत)	सूची-II (अम्ल)
(a) सिरका	(i) ऑक्ज़ेलिक अम्ल
(b) नारंगी	(ii) एसीटिक अम्ल A
(c) दही	(iii) साइट्रिक अम्ल B
(d) टमाटर	(iv) लैक्टिक अम्ल

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :
(A) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(iv)
(B) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)
(C) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)
(D) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

20. लोहे के औजार मिलने वाली इन जगहों में से कौन-सी जगह भारत में लौह युग की शुरुआत की तारीख तय करने के लिए ज़रूरी मानी जाती है ?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) रायरह (टोंक) (B) नोह (भरतपुर)
(C) सोनारी (झुंझुनू) (D) जोधपुर (जयपुर)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

21. सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए :

सूची-I (स्थानीय निकाय)	सूची-II (प्रमुख)
(a) ग्राम पंचायत	(i) सरपंच
(b) पंचायत समिति	(ii) प्रधान
(c) जिला परिषद	(iii) महापौर /सभापति
(d) नगर निगम	(iv) प्रमुख

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :
(A) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iv), (d)-(iii)
(B) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(i)
(C) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)
(D) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

22. राजस्थान के प्रसिद्ध पुरातत्वविद् का नाम बताइए जिन्होंने प्रसिद्ध 'लिपिमाला' लिखी थी ?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) निहालचंद (B) दयालदास
(C) बीरबल सिंह (D) गौरीशंकर हीराचंद ओझा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

23. कौन-सा निकाय किसी राज्य में पंचायतों को वित्तीय वितरण की सिफारिश करता है ?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए ।
(A) वित्त आयोग (B) राज्य वित्त आयोग
(C) नीति आयोग (D) योजना आयोग याग
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

24. सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए :

सूची-I (पद)	सूची-II (भूमिका)
(a) राज्यपाल	(i) राज्य के राजनीतिक प्रमुख
(b) मुख्यमंत्री	(ii) राज्य का संवैधानिक प्रमुख
(c) मुख्य सचिव	(iii) जिले के प्रशासनिक प्रमुख
(d) जिला कलेक्टर	(iv) राज्य सिविल सेवाओं के प्रमुख

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :
(A) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iv), (d)-(ii)
(B) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(iii)
(C) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)
(D) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

25. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प 'विकसित भारत @ 2047' पहल का मुख्य उद्देश्य है?
A
(A) भारत को एक पूर्ण विकसित राष्ट्र में परिवर्तित करना।
(B) कृषि उत्पादन और निर्यात में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना।
(C) देश के सभी क्षेत्रों में आय की असमानता को कम करना।
(D) भारत को डिजिटल और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में एक वैश्विक अग्रणी के रूप में स्थापित करना।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

26. राजस्थान का कौन-सा जिला हाल ही में महत्वपूर्ण लिथियम भंडार की खोज के लिए चर्चा में था?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) बाड़मेर (B) जोधपुर
(C) बीकानेर (D) नागौर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

27. राज्य वित्त आयोग (SFC) की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा, किनके बीच संसाधनों के वितरण की अनुशंसा करने हेतु की जाती है?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) राज्य और स्थानीय निकाय (पंचायत/नगरपालिकाएँ)
(B) दो अलग-अलग राज्य
(C) जिले और तहसीलें
(D) केंद्र और राज्य
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

28. सूची-I का सूची-II के साथ मिलान करें :

सूची-I (प्रेक्षण)	सूची-II (घटना)
(a) साफ आसमान का नीला रंग	(i) अपवर्तन
(b) इंद्रधनुष का निर्माण	(ii) परावर्तन
(c) तारों का टिमटिमाना	(iii) प्रकीर्णन
(d) दर्पण में अपना प्रतिबिंब देखना	(iv) परिक्षेपण

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :
(A) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(i)
(B) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iv), (d)-(iii)
(C) (a)-(iii), (b)-(ii), (c)-(iv), (d)-(i)
(D) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

29. तान्या का वेतन रीमा की तुलना में 33.33% अधिक है। रीमा का वेतन तान्या के वेतन से कितना प्रतिशत कम है?
(A) 66.66% (B) 50%
(C) 25% (D) 33.33%
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

30. ओलंपिक (पेरिस 2024) के एकल संस्करण में दो ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला कौन बनी?
(A) विनेश फोगाट (B) मनु भाकर
(C) मीराबाई चानू (D) पी.वी. सिंधु
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

31. कार्तिक मास में दीपदान की परंपरा और पशु मेला किसकी प्रमुख विशेषताएँ हैं?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) डिग्गी कल्याणजी मेला (B) खाटू श्यामजी मेला
(C) पुष्कर मेला (D) जीणमाता मेला
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

32. राजस्थान की राज्य आय (सकल राज्य घरेलू उत्पाद) का आधिकारिक अनुमान और प्रकाशन निम्नलिखित में से किस संस्था द्वारा किया जाता है?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अधीन आर्थिक एवं सांख्यिकी संगठन
(B) राज्य योजना विभाग, राजस्थान सरकार
(C) अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय, राजस्थान सरकार
(D) वित्त विभाग, राजस्थान सरकार
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

33. बहादुरी, बलिदान और शहादत के लिए पूजित एक लोक देवता जो हाथ में भाला लिए हुए एक घुड़सवार के लोकप्रिय प्रतीक चिन्ह के तौर पर जाना जाता है, उसकी पहचान कीजिए।

सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) मल्लिनाथजी (B) रामदेवजी
(C) तेजाजी (D) पाबूजी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

34. इनमें से कौन-सा कानूनी कदम, जिसे राजस्थान ने सबसे पहले लागू किया था, उसका मकसद शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना था?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) राजस्थान सूचना का अधिकार अधिनियम, 2000
(B) राजस्थान सुनवाई का अधिकार अधिनियम, 2012
(C) राजस्थान लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011
(D) राजस्थान सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता अधिनियम, 2012
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

35. $\frac{4}{3}, \frac{4}{9}, \frac{2}{15}, \frac{36}{21}$ **का म.स. है-**
(A) $\frac{2}{315}$ (B) $\frac{36}{405}$
(C) $\frac{36}{15}$ (D) $\frac{36}{21}$
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

36. सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए :

सूची-I (शासक)	**सूची-II (राजवंश)**
(a) महाराणा प्रताप	(i) शाकंभरी का चौहान राजवंश
(b) पृथ्वीराज तृतीय	(ii) कच्छवाह राजवंश
(c) मिर्जा राजा जय सिंह	(iii) भरतपुर का जाट शाही राजवंश
(d) महाराजा सूरजमल	(iv) गुहिल राजवंश

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :
(A) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iii)
(B) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(C) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)
(D) (a)-(iii), (b)-(ii), (c)-(i), (d)-(iv)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

37. ऋषि अपने कार्यालय तक पहुँचने के लिए प्रतिदिन 80 km की यात्रा करता है। एक दिन उसे कार्यालय जाने के सामान्य समय से 1 घंटे की देरी हुई, इसलिए उसने अपनी गति 4 km/h बढ़ा दी और इस तरह वह सामान्य समय पर कार्यालय पहुँचा। एक सामान्य दिन (km/h में) ऋषि की गति क्या होती है ?
(A) 17 (B) 18
(C) 20 (D) 16
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

38. निम्नलिखित में से मेवाड़ प्रजा मंडल के संस्थापक की पहचान कीजिए।
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) माणिक्यालाल वर्मा (B) कर्पूरचंद पटनी
(C) कृष्ण दत्त (D) माधरम वैद्य
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

39. जिप्सम और प्लास्टर ऑफ पेरिस में पानी के अणुओं का अंतर है :
(A) 3/2 (B) 1/2
(C) 2 (D) 5/2
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

40. 2024 के अंत में चर्चा में आई 'पीएम-विद्यालक्ष्मी' योजना मुख्य रूप से किसके लिए है ?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए ।
(A) ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षक प्रशिक्षण।
(B) मिड-डे मील में ज़्यादा फ़ायदा।
(C) उच्च शिक्षा के लिए मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता (ऋण)।
(D) प्राथमिक शिक्षा का बुनियादी ढाँचा।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

41. निम्नलिखित में से राजस्थान के महावीर चक्र विजेताओं की पहचान कीजिए :
(a) सूबेदार चूनाराम फगेरिया
(b) ब्रिगेडियर रघुवीर सिंह राजावत
(c) शहीद सैनिक ढोंकल सिंह
(d) शहीद मेजर शैतान सिंह
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :
(A) केवल (a) और (b)
(B) केवल (b), (c) और (d)
(C) केवल (a), (b) और (c)
(D) केवल (c) और (a)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

42. मेवाड़ के किस शासक को 32 किलों के निर्माण और 'संगीतराज' की रचना के लिए जाना जाता है, और जिनके बारे में यह भी माना जाता है कि उन्होंने 'गीत गोविंद' पर एक टीका लिखी थी ?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए ।
(A) रतन सिंह (B) राव जोधा
(C) राणा सांगा (D) महाराणा कुंभा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

43. एक उत्तल लेंस अपनी से 50 cm की दूरी पर रखी एक सुई का बास्तविक और उल्टा प्रतिबिंब बनाता है। यदि प्रतिबिंब का आकार वस्तु के आकार के बराबर हो, तो सुई को उत्तल लेंस के सामने कहाँ रखा गया है ?
(A) 60 cm (B) 40 cm
(C) 50 cm (D) 25 cm
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

44. निम्नलिखित में से कौन-सा कारक राजस्थान में कम बाल लिंग अनुपात के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार नहीं है ?
(a) बाल विवाह के कारण मातृ मृत्यु हुई
(b) पितृसत्तात्मक समाज
(c) प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण के संपर्क में आना
(d) दहेज प्रणाली
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :
(A) केवल (a) और (d)   (B) केवल (b) और (c)
(C) (a), (b), (c) और (d)   (D) केवल (a)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

45. 'डीप ओशन मिशन' (डी.ओ.एम.) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?
(a) यह दुर्लभ खनिजों के लिए समुद्र तल का पता लगाने का एक लक्ष्य है।
(b) मत्स्य 6000 इसके लिए डिज़ाइन किया गया मानवयुक्त पनडुब्बी वाहन है।
(c) इसका नेतृत्व पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा किया जाता है।
(d) इस मिशन का है। (d) इस मिशन का मुख्य उद्देश्य गहरे समुद्र के तल से तेल निकालना है।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :
(A) केवल (a), (b) और (c)
(B) केवल (c) और (d)
(C) केवल (a), (b) और (d)
(D) (a), (b), (c) और (d)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

46. अमित भूषण से तीन गुना कुशल है। यदि अमित को एक काम पूरा करने में 6 दिन लगते हैं, तो भूषण उसी काम को कितने दिनों में पूरा करेगा ?
(A) 12 दिन   (B) 18 दिन
(C) 9 दिन   (D) 2 दिन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

47. राजस्थान में 'डेयरी क्षेत्र' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(a) कुल दूध उत्पादन में राजस्थान का भारत में दूसरा स्थान है।
(b) 'मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना' के तहत दूध उत्पादकों को ₹ 5 प्रति लीटर की सब्सिडी प्रदान की जाती है।
(c) राजस्थान सहकारी डेयरी फेडरेशन (आर.सी.डी.एफ.) की स्थापना वर्ष 1977 में की गई थी।
(d) 'सरस अमृतम' दूध की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए शुरू किया गया एक अभियान है।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :
(A) केवल (b), (c) और (d)
(B) केवल (a) और (b)
(C) (a), (b), (c) और (d)
(D) केवल (a), (c) और (d)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

48. जब प्रकाश किरण एक माध्यम से दूसरे माध्यम में जाती है, तो निम्नलिखित में से कौन सा गुण अपरिवर्तित रहता है ?
(A) तरंगदैर्ध्य   (B) वेग
(C) आयाम   (D) आवृत्ति
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

49. भारत की 'हरित क्रांति' में उनकी भूमिका के लिए 2024 में -मरणोपरांत 'भारत रत्न' से किसे सम्मानित किया गया?
(A) एम.एस. स्वामीनाथन   (B) चौधरी चरण सिंह
(C) पी.वी. नरसिम्हा राव   (D) कर्पूरी ठाकुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

50. सूची-1 (प्रसिद्ध व्यक्तित्व) का सूची-II (उपलब्धि /भूमिका) के साथ मिलान कीजिए :

सूची-I (प्रसिद्ध व्यक्तित्व)	सूची-II (उपलब्धि /भूमिका)
(a) सुंदर पिचाई	(i) माइक्रोसॉफ्ट के सी ई ओ
(b) सत्य नडेला	(ii) गूगल के सी ई ओ
(c) बी.आर. गवई	(iii) भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश
(d) संजीव खन्ना	(iv) भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें :
(A) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(iv)
(B) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iv), (d)-(iii)
(C) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)
(D) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

51. 8 और 98 के बीच का माध्यानुपाती है:
(A) 26   (B) 28
(C) 45   (D) 42
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

52. हाइड्रोक्लोरिक अम्ल से आमाशय की भीतरी परत की सुरक्षा निम्नलिखित में से एक द्वारा की जाती है। सही की पहचान करें।
(A) पेप्सिन   (B) लार एमाइलेज
(C) श्लेष्मा   (D) पित्त
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

53. 'पीएम-जनमन' मिशन के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?
(a) इसका उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पी.वी.टी.जी.) का विकास करना है।

(b) इसमें आवास, स्वच्छ जल और सड़क संपर्क जैसे 11 महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं।
(c) इस मिशन का बजट 24,000 करोड़ रुपये से अधिक है।
(d) यह विशेष रूप से पूर्वोत्तर भारत में जनजातीय आबादी के लिए है।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :
(A) (a), (b), (c) और (d)
(B) केवल (a), (b) और (c)
(C) केवल (c) और (d)
(D) केवल (a), (b) और (d)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

54. मनुष्यों में वृक्क निम्नलिखित तंत्र का एक भाग है :
(A) श्वसन (B) परिवहन
(C) उत्सर्जन (D) पोषण
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

55. निम्नलिखित में से राजस्थान का कौन-सा स्थान कर्क रेखा के सबसे करीब है ?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) चित्तौड़गढ़ (B) प्रतापगढ़
(C) सिरोही (D) भीलवाड़ा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

56. पादपों में कार्बोहाइड्रेट संग्रहीत होता है :
(A) स्टार्च के रूप में (B) ग्लूकोज के रूप में
(C) माल्टोस के रूप में (D) ग्लाइकोजन के रूप में
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

57.



ऊपर दिया गया ग्राफ़ कंपनियों A, B, C और D के आयात और निर्यात मूल्यों को करोड़ों में दर्शाता है। कंपनी A और C के कुल निर्यात का, कंपनी A और C के कुल आयात से क्या अनुपात है ?
(A) 5:7 (B) 17:12
(C) 12:17 (D) 7:5
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

58. मोतीलाल तेजावत के नेतृत्व में "एकी आंदोलन" के रूप में एक बड़े भील विद्रोह की शुरुआत क्यों की गई ? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए ।
(A) भीलों द्वारा ब्रिटिश नीतियों के समर्थन के लिए
(B) राज्यों, सामंती प्रभुओं और ब्रिटिश उत्पीड़न के खिलाफ भीलों को एकजुट करने के लिए
(C) भीलों को तीव्र औपनिवेशिक सहानुभूति के साथ एकीकृत करने के लिए
(D) भीलों के बीच धार्मिक सुधार की शुरुआत करने के लिए
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

59.



उपर्युक्त पाई-चार्ट विभिन्न समूहों में छात्रों की संख्या को दर्शाता है। छात्रों की कुल संख्या 1200 है और लड़कियों तथा लड़कों का अनुपात 2:1 है। यदि 30% लड़कियाँ D में हैं तो समूह D में लड़कों और लड़कियों का अनुपात है:
(A) 2 : 1 (B) 3 : 4
(C) 4 : 3 (D) 1 : 2
(E) अनुत्तरित रेत प्रश्न **[B]**

60. निम्नलिखित में से कौन सा अजैव-अपघटनीय अपशिष्ट है?
(A) खाद्य अपशिष्ट (B) पत्तियाँ
(C) प्लास्टिक (D) कागज
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

61. राजस्थान भूमि राजस्व (संशोधन और वैधीकरण) अधिनियम, 2025, मुख्य रूप से किस संस्थान की शक्तियों का विस्तार करने के लिए अधिनियमित किया गया था ?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) आर.आई.आई.सी.ओ. (राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास और निवेश निगम)
(B) आर.ए.जे.एस.आई.सी.ओ. (राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड)
(C) निवेश संवर्धन ब्यूरो
(D) आर. एफ. सी. (राजस्थान वित्त निगम)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

62. कौन-सी विशेषता भारत में संविधान की सर्वोच्चता सुनिश्चित करती है ?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए ।
(A) संसदीय संप्रभुता (B) संघवाद
(C) द्विसदनीयता (D) न्यायिक समीक्षा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

63. चंबल नदी पर निर्मित निम्नलिखित में से कौन-से बांध/बैराज राजस्थान में स्थित हैं ?
(a) राणा प्रताप सागर बांध
(b) कोटा बैराज
(c) जवाहर सागर बांध
(d) गांधी सागर बांध
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :
(A) केवल (b) और (c) (B) केवल (a) और (b)
(C) केवल (a), (b) और (c) (D) केवल (a), (b) और (d)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

64. भारतीय दंड संहिता (आई.पी.सी.) 1860 को किस कानून ने प्रतिस्थापित किया और 1 जुलाई 2024 को पूर्ण रूप से प्रभावी हुआ ?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए ।
(A) भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.)
(B) भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बी.एस.ए.)
(C) डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम
(D) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बी.एन.एस.एस.)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

65. निम्नलिखित में से किस यौगिक का क्वथनांक सबसे कम है ?
(A) एसीटिक अम्ल (B) क्लोरोफॉर्म
(C) एथेनॉल (D) मेथेन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

66. किस मौलिक अधिकार को संविधान के हृदय और आत्मा के रूप में जाना जाता है ?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) स्वतंत्रता का अधिकार
(B) धर्म का अधिकार
(C) संवैधानिक उपचारों का अधिकार
(D) समानता का अधिकार
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

67. राजस्थान के मुख्यमंत्री के रूप में सबसे लंबे कार्यकाल का रिकॉर्ड किसके नाम है ?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) मोहन लाल सुखाड़िया (B) अशोक गहलौत
(C) वसुंधरा राजे (D) भैरों सिंह शेखावत
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

68. निम्नलिखित में से उन श्रेणियों को पहचानिए जिनमें राजस्थान में लोक संगीत को विभाजित किया गया है:
(a) गीत जो सामंती वातावरण में विकसित हुए
(b) ऐसे गाने जिनमें क्षेत्रीय खासियतों का बहुत ज़्यादा इस्तेमाल होता है।
(c) पारंपरिक शास्त्रीय संगीत
(d) अलग-अलग अवसरों पर लोगों द्वारा गाए जाने वाले गीत।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :
(A) केवल (b), (c) और (d) (B) केवल (a), (b) और (d)
(C) केवल (d) और (a) (D) केवल (b) और (c)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

69. 'भारत में हिम तेंदुओं की स्थिति रिपोर्ट' (2024) के अनुसार भारत के किस राज्य में हिम तेंदुओं की संख्या सबसे अधिक है?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए ।
(A) हिमाचल प्रदेश (B) लद्दाख (केंद्र शासित प्रदेश)
(C) सिक्किम (D) उत्तराखंड
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

70. राजस्थान के निम्नलिखित में से किस केंद्रीय रूप से संरक्षित टिकट वाले स्मारक में वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक घरेलू पर्यटक आए ?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) कुंभलगढ़ किला (B) डीग भवन
(C) चांद बाउरी (D) चित्तौड़गढ़ किला
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

71. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 का विषय क्या था ?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग
(B) स्वयं और समाज के लिए योग
(C) शांति के लिए योग (D) मानवता के लिए योग
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

72. ऋग्वेद में उल्लिखित प्राचीन क्षेत्रों के नामों में से, राजस्थान का निम्नलिखित में से कौन-सा भाग "मारू" से जुड़ा हुआ है ?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) अलवर (B) बीकानेर
(C) जोधपुर (D) जयपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

73. 8 वस्तुएँ बेचने से एक विक्रेता को 1 वस्तु का विक्रय मूल्य प्राप्त होता है। उसके लाभ प्रतिशत की गणना करें।
(A) $13\frac{1}{7}\%$ (B) $13\frac{2}{7}\%$
(C) $14\frac{2}{7}\%$ (D) $14\frac{1}{7}\%$
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

74. 16 श्रमिक दिन में 6 घंटे काम करते हैं, 25 दिनों में 150 m लंबाई, 20 m चौड़ाई और 2m ऊँचाई की दीवार बनाते हैं। 12 श्रमिक, जो दिन में 8 घंटे काम करते हैं, 800 m लंबाई, 15m चौड़ाई और 6m ऊँचाई की दीवार कितने दिनों में बना सकते हैं?

(A) 150 (B) 75
(C) 50 (D) 300
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

75. एक वृत्त की त्रिज्या क्या है जिसका क्षेत्रफल दो वृत्तों के क्षेत्रफल के योग के बराबर है जिनकी त्रिज्याएँ 20 cm और 21 cm हैं?

(A) 32 cm (B) 29 cm
(C) 20.5 cm (D) 41 cm
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

76. 2011की जनगणना के अनुसार राजस्थान की साक्षरता दर क्या थी ?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए ।

(A) 67 प्रतिशत (B) 70 प्रतिशत
(C) 54 प्रतिशत (D) 76 प्रतिशत
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

77. 9 क्रमागत विषम संख्याओं का औसत, यदि उन संख्याओं में से सबसे छोटी संख्या को n द्वारा दर्शाया जाता है, हैं:

(A) n+6 (B) n+8
(C) n+9 (D) n+4
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

78. राजस्थान के निम्नलिखित जलवायु क्षेत्रों को पूर्व से पश्चिम के क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

(a) आर्द्र जलवायु क्षेत्र (b) बहुत आर्द्र जलवायु क्षेत्र
(c) शुष्क जलवायु क्षेत्र (d) अर्ध-शुष्क जलवायु क्षेत्र

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) (b), (a), (c), (d) (B) (b), (a), (d), (c)
(C) (c), (b), (d), (a) (D) (a), (b), (c), (d)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

79. जब सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट को एसीटिक अम्ल में मिलाया जाता है तो एक गैस निर्मुक्त होती है। निम्नलिखित में से कौन से कथन गैस के निर्मुक्त होने के बारे में सही हैं?

(a) यह चूने के पानी को दूधिया कर देता है।
(b) यह जलती हुई फाँस को बुझा देता है।
(c) यह सोडियम हाइड्रॉक्साइड के विलयन में घुल जाता है।
(d) इसमें तीखी गंध होती है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) केवल (a), (b) और (c) (B) केवल (b), (c) और (d)
(C) केवल (a) और (d) (D) केवल (a) और (b)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

80. निम्नलिखित में से किस जनगणना वर्ष में राजस्थान ने सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व दर्ज किया ?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(A) 1981 में (B) 2011 में
(C) 2001 में (D) 1991 में
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

81. कौन - सी परियोजना 'सन सिटी' जोधपुर को पीने का पानी प्रदान करती है?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(A) जवाई बांध परियोजना
(B) राजीव गांधी लिफ्ट कैनाल
(C) जाखम परियोजना
(D) बिसलपुर परियोजना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

82. राजस्थान में कई प्रकार के 'लहरिया' लोकप्रिय हैं। जब पट्टियाँ एक-दूसरे को क्रॉस करती है तो उस डिज़ाइन पैटर्न को क्या कहा जाता है?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(A) सरल लहरिया (B) मोथारा लहरिया
(c) समुद्र लहरिया (D) राजशाही लहरिया
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

83. कौन-सा प्राधिकरण पंचायती राज संस्थानों के खातों का लेखा परीक्षण करता है?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(A) राज्य चुनाव आयोग (B) राज्य वित्त आयोग
(C) राज्यपाल (D) भारत का सी ए जी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

84. राजस्थानी चित्रकला की किस शैली के कलाकारों ने ऐसे पाठ-चित्रण और लघुचित्रों का सृजन किया है, जो दुनिया भर के संग्रहालयों में प्रदर्शन के योग्य हैं?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(A) कोटा चित्रकला शैली (B) झालावाड़ चित्रकला शैली
(C) बूंदी चित्रकला शैली (D) अजमेर चित्रकला शैली
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

85. 'राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन' के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं

(a) भारत का लक्ष्य 2030 तक सालाना 50 लाख मीट्रिक टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है।
(b) राजस्थान को उसकी उच्च सौर ऊर्जा क्षमता के कारण एक संभावित हरित हाइड्रोजन केंद्र के रूप में पहचाना गया है।
(c) इस मिशन में वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए एस. आई. जी. एच. टी. (हरित हाइड्रोजन संक्रमण के लिए रणनीतिक हस्तक्षेप) कार्यक्रम शामिल है।
(d) 2026 तक भारत के सभी घरों में हरित हाइड्रोजन का उपयोग करना अनिवार्य है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :
(A) केवल (a), (c) और (d)
(B) केवल (a), (b) और (c)
(C) केवल (b), (c) और (d)
(D) केवल (a), (b) और (d)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

86. राजस्थान के पारंपरिक 'मांड' लोक संगीत में योगदान के लिए 2024 में 'पद्म श्री' किसे प्राप्त हुआ?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) गुलाबो सपेरा (B) भंवरी देवी
(C) मंगनियार खान
(D) अली मोहम्मद और गनी मोहम्मद
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

87. दूसरे वर्ष और तीसरे वर्ष के लिए ब्याज की एक निश्चित दर पर एक निश्चित राशि पर चक्रवृद्धि ब्याज क्रमशः ₹ 21,780 और ₹ 23,958 हैं। ब्याज की दर क्या है?
(A) 9% (B) 10%
(C) 11% (D) 8%
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

88. एक समयुग्मजी प्रभावी लंबा पादप (TT) एक समयुग्मजी अप्रभावी बौने पौधे (tt) के साथ क्रॉस कराया जाता है। F_1 पीढ़ी के पौधों में स्व-निषेचन कराया जाता है, जिससे F2 पीढ़ी उत्पन्न होती है। F_2 पीढ़ी में, समयुग्मजी प्रभावी (TT) व्यष्टियों और समयुग्मजी अप्रभावी (tt) व्यष्टियों का जीनप्ररूपी अनुपात क्या होगा?
(A) 3:1 (B) 1:1
(c) 2:1 (D) 1:3
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

89. सीपीयू के घटक होते हैं:
(A) लॉजिक यूनिट, कंट्रोल यूनिट, रजिस्टर, मेमोरी
(B) लॉजिक यूनिट, फ़्लॉपी डिस्क, रजिस्टर
(C) लॉजिक यूनिट, कीबोर्ड, पेन ड्राइव
(D) लॉजिक यूनिट, कंट्रोल यूनिट, रजिस्टर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

90. राजस्थान का राज्य मानवाधिकार आयोग (एस एच आर सी) किस वर्ष कार्यशील हुआ?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए ।
(A) 1998 (B) 2000
(C) 2005 (D) 1993
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

91. निम्नलिखित में से कौन सी एक धातु है?
(A) आयोडीन (B) ब्रोमीन
(C) लेड (D) सल्फर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

92. गोलू और बोलू की गतियों का अनुपात 4: 7 है। यदि गोलू 270 m से दौड़ हार जाता है, तो धावन-पथ (रेस-कोर्स) की लंबाई क्या है?
(A) 630 m (B) 810 m
(C) 540 m (D) 1080 m
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

93. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत को 'धर्मनिरपेक्ष राज्य' के रूप में वर्णित करता है?
सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(A) नौवीं अनुसूची (B) नीति-निर्देशक सिद्धांत
(c) प्रस्तावना (D) मौलिक अधिकार
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

94. पाचन के बाद प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा क्रमशः परिवर्तित हो जाते हैं
(A) ग्लिसरॉल, ग्लूकोज और वसीय अम्ल में
(B) एमिनो अम्ल, ग्लूकोज, वसीय अम्ल और ग्लिसरॉल में
(c) ग्लूकोज, ग्लिसरॉल और वसीय अम्ल में
(D) ग्लूकोज, वसीय अम्ल और ग्लिसरॉल में
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

95.

उत्पाद	जनवरी	फरवरी	मार्च
A	120	150	180
B	200	180	160
C	100	120	140
D	80	100	120

ऊपर दी गई तालिका तीन महीनों के दौरान विभिन्न उत्पादों की बिक्री को दर्शाती है। जनवरी में हुई कुल उत्पाद बिक्री की तुलना में मार्च में हुई कुल उत्पाद बिक्री में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है ?
(A) 15% (B) 20%
(C) 25% (D) 10%
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

96. राजस्थान के पश्चिमी भाग में मौजूदा सूखे की स्थिति के लिए निम्नलिखित में से कौन-से कारक मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं?
(a) अरावली पर्वत की स्थिति भारतीय मानसून की अरब सागर शाखा के समानांतर है।
(b) अरावली पर्वत की स्थिति भारतीय मानसून की बंगाल की खाड़ी शाखा के समानांतर है।
(c) अरावली पर्वत की कम ऊँचाई और वनस्पति की कमी।
(d) अरब सागर मानसून शाखा में बंगाल की खाड़ी मानसून शाखा की तुलना में नमी की मात्रा कम होना।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) केवल (b) और (d) (B) केवल (a) और (d)
(C) केवल (a) और (c) (D) केवल (a), (c) और (d)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

97. जब मैग्नीशियम् रिबन को हवा में जलाया जाता है, तो निर्मित राख का रंग होता है:

(A) पीला (B) सफ़ेद
(C) गुलाबी (D) काला
(E) अनुत्तरित **[B]**

98. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है।

अभिकथन (A):
राजस्थान सहकारी डेयरी महासंघ (आर. सी. डी. एफ.) के तहत 'सरस' ब्रांड त्रिस्तरीय संरचना का अनुसरण करता है।

कारण (R) :
त्रिस्तरीय सहकारी संरचना में शीर्ष पर जिला परिषद, उसके बाद पंचायत समिति और ग्राम पंचायत शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(B) (A) सही है लेकिन (R) सही नहीं है।
(C) (A) सही नहीं है लेकिन (R) सही है।
(D) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

99. निम्नलिखित को प्रशासनिक पदानुक्रम के बढते क्रम में व्यवस्थित कीजिए:

(a) तहसील (b) उप-मण्डल
(c) जिला (d) प्रभाग

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) (a), (b), (d), (c) (B) (b), (a), (d), (c)
(C) (b), (a), (c), (d) (D) (a), (b),(c), (d)
(E) अनुतारित प्रश्न **[D]**

100. उत्तरी अरावली पर्वत की चोटियों की पहचान कीजिए ।

(a) रघुनाथगढ़ चोटी (b) गुरु शिखर
(c) भैरच चोटी (d) खो चोटी

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(A) केवल (a), (c) और (d)
(B) (a), (b), (c) और (d)
(C) केवल (a), (b) और (c)
(D) केवल (b), (c) और (d)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

♦♦♦♦♦